भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

22.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 684 का उत्तर

गुजरात में रेलवे पुलों का आधुनिकीकरण

684. श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में रेलवे पुलों के आधुनिकीकरण के लिए कोई नई योजना शुरू की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) गुजरात में उक्त योजना के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल द्वारा देश भर में पुलों की संरक्षा को उच्च प्राथमिकता दी जाती है। भारतीय रेल पर रेल पुलों के निरीक्षण की एक स्थापित प्रणाली है। सभी रेल पुलों का वर्ष में दो बार निरीक्षण किया जाता है, एक मानसून के आगमन से पूर्व तथा एक विस्तृत निरीक्षण मानसून के पश्चात। पुल की भौतिक स्थिति का पता लगाने हेतु सभी पुलों का वार्षिक निरीक्षण किया जाता है तथा जहां-कहीं भी आवश्यक हो, मरम्मत/पुनर्स्थापन/पुनः गर्डरीकरण/पुनर्निर्माण जैसे उपाय किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ रेल पुलों का उनकी स्थिति के अनुसार लगातार निरीक्षण भी किया जाता है। महत्वपूर्ण एवं प्रमुख पुलों का व्यापक तकनीकी निरीक्षण इस प्रकार से किया जाता है कि ऐसे 20% पुलों का निरीक्षण प्रतिवर्ष हो सके।

रेल पुलों की मरम्मत/सुदृढ़ीकरण/पुनर्स्थापन/पुनर्निर्माण एक सतत प्रक्रिया है और ऐसा तब किया जाता है जब इन निरीक्षणों के दौरान यथा अभिनिश्चित पुलों की भौतिक स्थिति को देखते हुए ऐसा करना आवश्यक हो। वर्ष 2014-2026 (जून, 2026 तक) के दौरान, भारतीय रेल में 18835 रेल पुलों की मरम्मत/पुनर्स्थापन/सुदृढ़ीकरण/पुनर्निर्माण किया गया।

भारतीय रेल ने पुल प्रबंधन प्रणाली विकसित की है, जो भारतीय रेल के संपूर्ण पुल इन्वेंटरी के प्रभावी प्रबंधन हेतु विकसित एक व्यापक डिजिटल रिपॉजिटरी तथा निर्णय-सहायक साधन है। इसमें प्रत्येक पुल के अनुरक्षण इतिहास, निरीक्षण अभिलेखों आदि से संबंधित विस्तृत आंकड़े अनुरक्षित किए जाते हैं।

निरीक्षण तथा अनुरक्षण हेतु, भारतीय रेल पुल प्रबंधन प्रणाली के साथ एकीकृत स्वचालित जल स्तर निगरानी, गहन निगरानी प्रणाली, रिमोट चालित वाहन के माध्यम से पानी के नीचे निरीक्षण तथा 3डी नदी तल स्कैनिंग जैसी नई प्रौद्योगिकी का भी उपयोग कर रहा है।

रेल परियोजनाएं क्षेत्रीय रेल-वार स्वीकृत/क्रियान्वित की जाती हैं, न कि राज्य-वार, क्योंकि रेल परियोजनाएं राज्य की सीमाओं के पार हो सकती हैं। गुजरात राज्य उत्तर पश्चिम रेलवे एवं पश्चिम रेलवे के अंतर्गत आता है। वर्ष 2024-25, 2025-26 तथा 2026-27 (जून, 2026 तक) के दौरान, भारतीय रेल में मरम्मत/पुनर्स्थापन/सुदृढ़ीकरण/पुनर्निर्माण हेतु लगभग 7,216.11 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं, जिसमें उत्तर पश्चिम रेलवे तथा पश्चिम रेलवे में रेल पुलों हेतु 896.21 करोड़ रुपए शामिल हैं।

******